सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 26 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 142, पेज 12, 3.50 रुपये

**सेंसेक्स में 1074 अंकों की उछाल**

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच शेयर बाजारों में तेजी आई और सेंसेक्स 1074 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 312 अंक के लाभ में रहा। } 10

**उर्वरक की कीमतों में अकल्पनीय उछाल : सीतारमण**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बाद वैश्विक उर्वरक कीमतों में अकल्पनीय उछाल आया है। उन्होंने कहा कि मानक ऋण उत्पाद गैर-मानक कारोबार के लिए काम नहीं कर सकते। } 12



# युवाओं को मिला स्वरोजगार और नवाचार का अवसर

- श्रावस्ती के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं: पूर्व सांसद
- भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : विधायक

जिला संवाददाता



**श्रावस्ती।** जनपद श्रावस्ती में जिला प्रशासन द्वारा कटरा स्थित ओरिसन होटल एंड रिजॉर्ट (ट्यूलिप इन) में तेजस ट्रांसफॉर्मिंग एंटरप्रेन्योरियल जर्नीज अक्रॉस स्टेट्स एंड डिस्ट्रिक्ट्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, नवप्रवर्तकों, स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों और इच्छुक उद्यमियों को स्वरोजगार, नवाचार और उद्यमिता के अवसरों से जोड़ना रहा।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, ई-जनपद प्रबंधक शरद श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा आपदा विशेषज्ञ अरुण मिश्रा, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्रगतिशील किसान, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन समूहों की महिलाएं, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला में भारत सरकार और विभिन्न संस्थानों से आए विशेषज्ञों ने उद्यमिता, स्वरोजगार और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, भारत सरकार से ऋत्विक और रवि, स्टार्टइनअप से प्रशांत रंजन, एक जनपद एक उत्पाद योजना से इशदीप सिंह और हरप्रीत, भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ से निखिल भट्ट तथा उद्यम विशेषज्ञ राहुल चौधरी ने नवाचार, वित्तीय सहायता, विपणन और उद्यम स्थापना के विषय में विस्तार से जानकारी दी। जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने कहा कि श्रावस्ती के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल सही दिशा और अवसर देने की है। उन्होंने कहा कि तेजस जैसी पहलें ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी और रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगी।

विधायक राम फेरन पाण्डेय ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने युवाओं से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर रोजगार पाने के साथ-साथ दूसरों को रोजगार देने की दिशा में आगे बढ़ने की अपील की।

कार्यक्रम में बताया गया कि तेजस भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य ग्रामीण और आकांक्षी जनपदों में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देना है। वक्ताओं ने कहा कि श्रावस्ती में बड़े उद्योगों की कमी के कारण रोजगार के अवसर सीमित हैं। ऐसे में तेजस जैसी पहलें युवाओं को नौकरी खोजने वाले से रोजगार देने वाला बनने की प्रेरणा देंगी। स्थानीय उद्योगों और नए उद्यमों की स्थापना से रोजगार बढ़ेगा, पलायन कम होगा और स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिलेगी। कार्यक्रम को आध्यात्मिक श्रावस्ती से आत्मनिर्भर श्रावस्तीह्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया।